>

Title : Need to provide a rail link between Ajmer and Pushkar in Rajasthan.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) : राजस्थान के अजमेर जिले में स्थित पुष्कर देश के सुप्रसिद्ध तीर्थस्थलों में से एक है। इसका अत्यधिक पौराणिक महत्व है। यहां कई बड़े-बड़े मंदिर एवं पुष्कर सरोवर है, जहां प्रतिवर्ष लाखों धर्मप्रेमी तथा श्रद्धालु दर्शन लाभकर तथा पुष्कर सरोवर में स्नान कर पुण्य के भागी बनते हैं। यहां के समशीतोष्ण जलवायु तथा धार्मिक वातावरण के कारण् विदेशी पर्यटक भी बहुत बड़ी संख्या में आते हैं। सीधा रेलमार्ग नहीं होने के कारण यात्रियों को अजमेंर उतर कर फिर बसों आदि से पुष्कर तक जाना पड़ता है जिससे बड़ी असुविधा होती है। कुछ वर्षों पूर्व भारत सरकार ने इस महत्वपूर्ण तीर्थस्थल को देश के शेष भागों से सीधा जोड़ने के लिए बड़ी रेलवे लाइन बिछाने का फैसला किया परन्तु तीन-चार वर्ष बीत जाने के बाद भी अभी तक अजमेर को पुष्कर से जोड़ने का कार्य पूरा नहीं हो पाया है। कार्य बहुत धीमी गति से चल रहा है तथा बजट में बहुत कम राशि रखे जाने के कारण योजना का लागत मूल्य भी बढ़ता जाता है। पुष्कर तक रेल लाइन बन जाने के बाद आगे मेड़ता तक भी रेल लाइन पहुंचाने का कार्य होना चाहिए जिससे अजमेर पश्चिमी राजस्थान तथा पाकिस्तान से लगे हुए सीमावर्ती क्षेत्रों से सीधा जुड़ सके।

अतः भारत सरकार से अनुरोध है कि पुष्कर जैसे तीर्थ स्थल तथा पर्यटन केन्द्र को लाखों यात्रियों के सुविधार्थ सीधा रेल मार्ग से जोड़ने के लिए रेलवे बजट में विशेष प्रावधान किया जाए तथा निर्धारित समयावधि में रेलवे लाइन बिछाने का कार्य युद्धस्तर पर पूरा कर सीधी पुष्कर तक रेलगाड़ियों चलायी जाएं।